गिरि विकास अध्ययन संस्थान
GIRI INSTITUTE OF DEVELOPMENT STUDIES
(A National Research Institute of the ICSSR New Delhi, Ministry of Education, GOI & Govt. Of U.P.)
(आईसीएसएसआर नई दिल्ली, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार का एक राष्ट्रीय अनुसंधान संस्थान)
Aliganj Housing Scheme, Sector O, Aliganj, Lucknow, Uttar Pradesh 226024
अलीगंज हाउसिंग स्कीम, सेक्टर ओ, अलीगंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश

0522-4001667
0522-4001638
0522-4001615


**No. GIDS/22/2026/Tender** **दिनांक: 12.02.2026**

**Extended Last Date for Tender Submission: 23.03.2026**

## निविदा आमंत्रण सूचना

संस्थान परिसर में स्थित **स्टाफ क्वार्टर टाइप V** की छत के जलरोधन (वॉटरप्रूफिंग) कार्य के निष्पादन हेतु सक्षम एवं अनुभवी ठेकेदारों/निविदाकारों से सीलबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रेषित किए जाने वाले लिफाफे के ऊपर स्पष्ट रूप से **"स्टाफ क्वार्टर टाइप V की छत के जलरोधन कार्य हेतु निविदा"** अंकित होना अनिवार्य है तथा उसे निम्न पते पर संबोधित किया जाना चाहिए:

**निदेशक,**
**गिरि विकास अध्ययन संस्थान,**
**सेक्टर-O, अलीगंज, लखनऊ 226024**
**उत्तर प्रदेश**

इच्छुक निविदाकार अपनी निविदाएँ फर्म के लेटर हेड पर डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदाएँ प्राप्त करने की अंतिम तिथि **06.03.2026 को अपराह्न 5.00 बजे तक** निर्धारित है। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाली निविदाएँ किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएँगी । निविदा जमा करने से पूर्व इच्छुक निविदाकार कार्य की प्रकृति को भली-भांति समझने हेतु कार्यस्थल का निरीक्षण कर सकते हैं। कार्यस्थल निरीक्षण का समय कार्यदिवसों में अपराह्न **1:00 बजे से 3:00 बजे** तक निर्धारित रहेगा।

संस्थान को बिना कारण बताए निविदा को स्वीकार या अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**वित्त एवं प्रशासनिक अधिकारी**

गिरि विकास अध्ययन संस्थान
GIRI INSTITUTE OF DEVELOPMENT STUDIES
(A National Research Institute of the ICSSR New Delhi, Ministry of Education, GOI & Govt. Of U.P.)
(आईसीएसएसआर नई दिल्ली, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार का एक राष्ट्रीय अनुसंधान संस्थान)
Aliganj Housing Scheme, Sector O, Aliganj, Lucknow, Uttar Pradesh 226024
अलीगंज हाउसिंग स्कीम, सेक्टर ओ, अलीगंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश
0522-4001667
0522-4001638
0522-4001615

# तकनीकी विशिष्टता

**स्टाफ क्वार्टर टाइप V की छत पर वॉटरप्रूफिंग कार्य**

**1. कार्य का दायरा**

इस कार्य में छत की सतह की सफाई, मरम्मत, वॉटरप्रूफिंग ट्रीटमेंट, प्रोटेक्टिव लेयर एवं संबंधित सभी सहायक कार्य शामिल होंगे ताकि छत पूर्णतः जलरोधक हो सके। आवासीय परिसर की छत का **कुल क्षेत्रफल लगभग 2200 वर्ग फुट** है।

**2. सतह की तैयारी (Surface Preparation)**

- छत की सतह से धूल, गंदगी, शैवाल, ढीला प्लास्टर एवं पुराने वॉटरप्रूफिंग अवशेष हटाए जाएँगे।
- दरारों, जॉइंट्स एवं क्षतिग्रस्त भागों की मरम्मत सीमेंट मोर्टार या अनुमोदित केमिकल मोर्टार से की जाएगी।
- कार्य प्रारंभ से पूर्व सतह को साफ एवं सूखा किया जाएगा।

**3. प्राइमर कोट**

- संस्थान के निर्देशानुसार उपयुक्त प्राइमर लगाया जाएगा।
- प्राइमर के पूर्ण सूखने के बाद ही अगला कोट किया जाएगा।
- सामग्री संबंधित **ISI कोड** के अनुरूप होगी।

**4. वॉटरप्रूफिंग ट्रीटमेंट**

- वॉटरप्रूफिंग प्रणाली **सीमेंटेशियस/एक्रेलिक /PU / APP मेम्ब्रेन** में से स्वीकृत प्रणाली के अनुसार होगी।
- न्यूनतम दो कोट लगाए जाएँगे या निर्माता की अनुशंसा के अनुसार मोटाई सुनिश्चित की जाएगी।
- सभी दरारों, पाइप आउटलेट्स एवं पैरापेट जॉइंट्स पर विशेष ट्रीटमेंट किया जाएगा।

**5. प्रोटेक्टिव लेयर / फिनिश**

- वॉटरप्रूफिंग के ऊपर सुरक्षात्मक लेयर / फिनिश कोट लगाया जाएगा ताकि कार्य दीर्घकालिक एवं टिकाऊ रहे।
- फिनिश समतल, दरार-रहित एवं सौंदर्यपूर्ण होगा।

**6. गुणवत्ता नियंत्रण (Quality Control)**

- कार्य के प्रत्येक चरण का निरीक्षण संस्थान द्वारा नियुक्त अधिकृत प्रभारी के माध्यम से किया जाएगा।
- घटिया सामग्री के उपयोग अथवा कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक न पाए जाने की स्थिति में, संबंधित कार्य ठेकेदार द्वारा अपने खर्च पर पुनः कराया जाएगा।

**8. क्योरिंग (Curing)**

- जहाँ आवश्यक हो, संस्थान के निर्देशानुसार क्योरिंग की जाएगी।

**9. गारंटी / वारंटी**

- ठेकेदार द्वारा कार्य पूर्ण होने के पश्चात **न्यूनतम 5 वर्ष की लिखित वॉटरप्रूफिंग गारंटी** दी जाएगी।
- पुनः संक्रमण के संकेत, नमी, रिसाव अथवा किये गए कार्य के किसी भी भाग में लीकेज पाया जाता है और इसकी सूचना ठेकेदार को दी जाती है, तो ठेकेदार उक्त कमी को दूर करने या पुनः मरम्मत (री-ट्रीटमेंट) करने के लिए बाध्य होगा। ठेकेदार को ऐसी सूचना/पत्र जारी होने की तिथि से **सात (7) दिनों** के भीतर सुधार या पुनः मरम्मत का कार्य प्रारंभ करना होगा। यदि ठेकेदार निर्धारित अवधि के भीतर कार्य प्रारंभ करने में विफल रहता है, तो संस्थान उक्त कार्य किसी अन्य एजेंसी से ठेकेदार के **खर्च और जोखिम** पर करा सकता है, और ठेकेदार द्वारा देय लागत के संबंध में संस्थान का निर्णय **अंतिम एवं बाध्यकारी** होगा।
- गारंटी अवधि में किसी भी प्रकार के लीकेज की मरम्मत ठेकेदार द्वारा नि:शुल्क की जाएगी।

**10. मापन एवं भुगतान**

- भुगतान वास्तविक मापन एवं संतोषजनक कार्य के आधार पर नियमानुसार किया जाएगा।

**11. सुरक्षा एवं स्वच्छता**

- कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन किया जाएगा।
- कार्य स्थल को साफ-सुथरा रखा जाएगा एवं संस्थान की संपत्ति को कोई क्षति नहीं पहुँचाई जाएगी।

12. **अनुभव**

- ठेकेदार का इस कार्यक्षेत्र में लगभग 10 वर्षों का अनुभव होना चाहिए, जो कि सरकारी/अर्ध-सरकारी/स्वायत्त (ऑटोनोमस) संस्थानों अथवा अन्य किसी मान्यता-प्राप्त संस्थान में कार्य किया गया हो।

गिरि विकास अध्ययन संस्थान
GIRI INSTITUTE OF DEVELOPMENT STUDIES
(A National Research Institute of the ICSSR New Delhi, Ministry of Education, GOI & Govt. Of U.P.)
(आईसीएसएसआर नई दिल्ली, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार का एक राष्ट्रीय अनुसंधान संस्थान)
Aliganj Housing Scheme, Sector O, Aliganj, Lucknow, Uttar Pradesh 226024
अलीगंज हाउसिंग स्कीम, सेक्टर ओ, अलीगंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश
0522-4001667
0522-4001638
0522-4001615

# वित्तीय निविदा

- **कार्य का नाम:**

  स्टाफ क्वार्टर टाइप V की छत के जलरोधन कार्य हेतु निविदा

  **निविदाकर्ता का नाम:** ________________________________

  **पता:** ________________________________

  **संपर्क नंबर:** _____________________

  **GST No.** _____________________

**मात्रा अनुसूची**

| **क्र.सं.** | **मद का विवरण** | **इकाई** | **मात्रा** | **दर (Rs.)** | **राशि (Rs)** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | छत की सफाई एवं सतह की तैयारी | वर्ग मीटर | | | |
| 2 | दरारों की मरम्मत | वर्ग मीटर | | | |
| 3 | वॉटरप्रूफिंग ट्रीटमेंट (सामग्री का विवरण) | वर्ग मीटर | | | |
| 4 | सुरक्षात्मक परत/ कोटिंग | वर्ग मीटर | | | |
| 5 | परीक्षण एवं क्योरिंग | लम्पसम | | | |
| | | | | **उप-योग** | |

**जीएसटी @ ___ %**

**कुल योग (अंकों में)**

**कुल योग (शब्दों में)**

- मैं उपरोक्त कार्य के निष्पादन हेतु **कुल राशि ₹ ___________**
  **(रुपये _________________________________ मात्र)** का प्रस्ताव प्रस्तुत हैं। यह राशि सभी सामग्री, श्रम, उपकरण, कर, शुल्क एवं अन्य सभी प्रासंगिक व्ययों सहित है तथा निविदा की शर्तों के अनुरूप है।

- **घोषणा**
- प्रस्तुत की गई दरें सम्पूर्ण कार्यावधि के लिए स्थिर रहेंगी।
- यह निविदा, निविदा खोलने की तिथि से **60 दिनों** तक मान्य रहेगी।
- मैं विभाग द्वारा निर्धारित विनिर्देशों एवं निर्देशों के अनुसार कार्य निष्पादित करने हेतु सहमत हैं।

- **स्थान:** ___________

  **दिनांक:** ___________

- **निविदाकर्ता के हस्ताक्षर:** ______________________

  **नाम एवं मुहर:** ______________________________